# पाठ 1. ठीक समय पर

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) सूर्य नियम से रोज़ सवेरे निकलता है।

(ख) चंदा के घटने-बढ़ने का अर्थ है कि चंदा का आकार बदलता रहता है।

(ग) सुबह होते ही तारे धुँधले पड़ जाते हैं।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) नदियाँ-नाले सागर में जाकर मिल जाते हैं।

(ख) हमें प्रतिदिन एक नियम से अपने सारे काम सँभालने चाहिए। हमें नियम से सोकर उठना, नहाना-धोना और फिर खाना चाहिए।

(ग) ठीक समय पर पढ़ना, खेलना और सारे काम करने चाहिए।

**2.** पढ़ने, खेलो, सब कुछ, चाहो

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

**1.** (क) (iii) (ख) (iii) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

**1.** यह कविता हमें ठीक समय पर सभी काम करने तथा अनुशासित जीवन जीने का संदेश दे रही है।

**2.** दिनचर्या को नियमित करने से ही हम अपना काम अच्छे से समय पर कर सकते हैं और जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए दिनचर्या को नियमित करना आवश्यक होता है।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** ि – नियम, निकल, फिर, खिल, मिल

े – सवेरे, तारे, जाते, नाले, सारे

ो – रोज़, सोकर, नहाओ, बैठो, सँभालो

**2.** (क) न् + इ + य् + अ + म् + अ

(ख) स् + अ + व् + ए + र् + ए

(ग) स् + आ + ग् + अ + र् + अ

(घ) न् + अ + द् + इ + य् + आँ

(ङ) म् + उ + स् + अ + क् + आ + त् + आ

**3.** (क) बढ़ना (ख) शाम (ग) मुरझाना (घ) कभी-कभी

**4.** (क) (ii) (ख) (ii) (ग) (iii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

**1,2,4,5** विद्यार्थी स्वयं करें।

**3.** (क) सुबह (ख) खिड़की (ग) सूरज (घ) खलिहान (ङ) गली

# पाठ 2. जंगल में लगा मेला

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) मेले का आयोजन अनमोल वन में किया गया था।

(ख) मेले में स्वच्छता प्रतियोगिता की घोषणा हुई।

(ग) प्रतियोगिता बंदरप्रसाद तथा गिलहरी सयानी ने जीती।

(घ) दूसरे स्थान पर गिलहरी सयानी रही।

(ङ) सभी जानवरों ने स्वयं को तथा जंगल को साफ़ और स्वच्छ रखने का वचन दिया।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) भालूराम (ख) सिंहराज
2. (क) स्वच्छता प्रतियोगिता की घोषणा सुनकर सभी जानवर सोचने लगे कि हम अच्छे-अच्छे कपड़े पहनकर आए हैं, स्वच्छता प्रतियोगिता का पुरस्कार तो हमें ही मिलेगा।

   (ख) प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को केला और लड्डू खाने के लिए दिया गया।

   (ग) बंदरप्रसाद को प्रथम पुरस्कार इसलिए मिला क्योंकि उसने केले को बिना पूरा छिलका उतारे खाया और फिर छिलके को कूड़ेदान में डाला।

   (घ) सिंहराज ने समझाया कि अपने रहन-सहन, खान-पान के सही तरीकों को अपनाकर तथा अपने वातावरण को साफ़-सुथरा रखकर ही हम पूरी तरह स्वच्छ कहलाएँगे।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**VI. भाषा कौशल**

1. जंगल जंतु तालियाँ प्रशंसा बंदर खाएँगे
2. (क) स्वच्छ (ख) पुरस्कार (ग) लड्डू (घ) उन्हें (ङ) स्थान (च) बल्कि
3. (क) वन कानन (ख) वृक्ष तरु (ग) पंछी चिड़िया
4. (ख) आवाज़ें (ग) केले (घ) मेले (च) चुहियाँ
5. (क) (ii) (ख) (iii) (ग) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**बूझो पहेली**

उत्तर– केला

# पाठ 3. आओ, पौधे लगाएँ

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) सभी बच्चे पास की कालोनी से फूल तोड़कर आ रहे थे।

(ख) फूल तोड़ने से बगीचे की शोभा नष्ट होती है।

(ग) पेड़-पौधे पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं। हरियाली फैलाते हैं और वर्षा लाते हैं।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) फूल तोड़ने की बात सुनकर चिराग ने रोहन से कहा कि तुम चोरी करने गए थे!

(ख) बगीचे में बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा हुआ 'फूल तोड़ना मना है' को लोग अनदेखा कर देते हैं।

(ग) पेड़-पौधे हमें साँस लेने के लिए शुद्ध वायु, लकड़ी, फल, सब्ज़ी, औषधि आदि देते हैं।

(घ) सभी बच्चों ने एक-दूसरे से वादा किया कि हम सब अपने हर जन्मदिन पर एक-एक पौधा लगाएँगे और किसी को उपहार में भी पौधा ही देंगे।

2. (क) चिराग (ख) सुधा (ग) चिराग (घ) प्रभा (ङ) सुधा

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (iii) (ख) (iii) (ग) (i)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) शुद्ध (ख) औषधि (ग) झोली (घ) सुगंध (ङ) नष्ट
2. (क) सुमन, कुसुम (ख) उपवन, बाग (ग) वृक्ष, तरु (घ) बारिश, बरखा
(ङ) भेंट, सौगात (च) पवन, हवा
3. (क) सुबह-सुबह (ख) जगह-जगह (ग) बड़े-बड़े (घ) हाँ-हाँ (ङ) एक-एक
4. (क) व्यक्तिवाचक (ख) भाववाचक (ग) जातिवाचक (घ) भाववाचक
(ङ) व्यक्तिवाचक (च) जातिवाचक
5. (क) (i) (ख) (iii) (ग) (ii) (घ) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

1. गेंदा, गुड़हल, सूरजमुखी, कुमुदनी

2-5 विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 4. नहीं व्यर्थ बहाओ पानी

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) नानी सदा समझाती हैं कि पानी व्यर्थ न बहाओ।

(ख) यह कविता पानी के बारे में है।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) अगर धरती पर पानी समाप्त हुआ तो ज़िंदगानी समाप्त हो जाएगी।
   (ख) जहाँ हरी-भरी धरती होती है वहीं उपकारी बादल आते हैं।
   (ग) पानी अनमोल रत्न है।
2. (क) दाना-दुनका,
   हो जाएँगे खेत वीरान।
   जो लगती धरती,
   बन जाएगी
   (ख) वहीं आते बादल उपकारी।
   खूब गरजते, खूब चमकते,

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii)  (ख) (i)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

1. (क) (✓)  (ख) (✗)  (ग) (✓)  (घ) (✓)  (ङ) (✗)
2. जल ही जीवन है। इसके बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सभी प्राणियों एवं जीव-जंतुओं का जीवन पानी पर ही निर्भर है। इसके अलावा पेड़-पौधों को भी पानी की आवश्यकता होती है। बिना पानी के धरती वीरान हो जाएगी। अतः जल का हमारे जीवन में बहुत महत्त्व है।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) जल, नीर  (ख) धरा, पृथ्वी  (ग) मेघ, घन  (घ) बारिश, बरसात
2. (क) धरा  (ख) रत्न  (ग) उपजाऊ  (घ) दुनका
3. (क) हमें  (ख) इस  (ग) तुम  (घ) ये  (ङ) तुम
4. (क) (i)  (ख) (ii)  (ग) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**बूझो पहेली**

उत्तर– गन्ना

# पाठ 5. खूँटे में दाल है

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) गौरैया का नाम धीरा था।

(ख) गौरैया को परेशानी में खूँटे ने डाला।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) धीरा गौरैया बहुत खुशदिल और मेहनती थी।

   (ख) धीरा की परेशानी का कारण था कि खूँटे ने अपनी दरार चौड़ी करके उसका दाल का दाना हड़प लिया था।

   (ग) धीरा मदद के लिए बढ़ई, राजा, रानी, साँप, लाठी, आग, समुद्र, हाथी, जाल और चूहे के पास गई। चूहे के अलावा और किसी ने भी उसकी मदद नहीं की।

   (घ) चूहे को अचंभा इसलिए हुआ क्योंकि कितने शक्तिशाली जीवों के पास चिड़िया सहायता के लिए गई, पर किसी ने उसकी फ़रियाद नहीं सुनी।

   (ङ) चूहा जब गौरैया की मदद के लिए आगे बढ़ा तो अन्य सभी भी उसकी मदद करने को तैयार हो गए। बढ़ई को आता देखकर डरकर खूँटे ने अपनी दरार चौड़ी करके दाल का दाना बाहर निकाल दिया। इस प्रकार गौरैया को अपना हक मिला।

2. (क) खूँटे ने (ख) चूहे ने (ग) जाल ने (घ) खूँटे ने

3. (क) मैदान (ख) जीवों (ग) सहानुभूति (घ) हराकर (ङ) दरार, दाल

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (i) (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

1. धीरा गौरैया बहुत खुशदिल और मेहनती थी।
2. हाँ, यह सत्य है कि कोशिश करने से सफलता मिल जाती है। धीरा गौरैया कोशिश के बलबूते पर ही अपना दाल का दाना वापस प्राप्त कर लेती है। यदि वह कोशिश नहीं करती तो वह दाल का दाना प्राप्त नहीं कर पाती।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) पंख, अंदर, दंड, घमंड, अचंभे

   (ख) खूँटा, पहुँची, जाऊँ, साँप, फँस

2. (क) चिड़िया (ख) खुशी (ग) बढ़ई (घ) जीव (ङ) घोंसले
3. (क) आलसी (ख) प्रसन्न (ग) असफल (घ) बुझाना (ङ) प्रेम
4. (क) (iii) (ख) (ii) (ग) (i) (घ) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 6. मैंने पक्षी उड़ा दिए

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) मोहल्ले के लड़के छतों पर पतंग उड़ाते थे।

(ख) लेखक ने अपनी मँझली भाभी से पक्षी न लाने की विनती की थी।

(ग) लेखक ने पक्षियों को आज़ाद करने के लिए पिंजरे का दरवाज़ा खोल दिया था।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) पक्षियों को उड़ता देखकर लेखक को लगता था कि मानो पक्षी उनकी पतंगों के साथ होड़ लगा रहे हों।

(ख) पिंजरे में बंद पक्षी चीखते-चिल्लाते तथा पंख फड़फड़ाते रहते थे।

(ग) पड़ोस की औरतों ने चिड़ियाँ देखकर कहा, "वाह! कितनी सुंदर चिड़ियाँ हैं।"

(घ) लेखक ने भाभी से कहा कि आप इन पक्षियों को पिंजरे में कैद करके इन पर अत्याचार कर रही हैं। इन प्राणियों ने आपका क्या बिगाड़ा है। इस बात पर भाभी ने उन्हें डाँटा।

(ङ) अवसर मिलते ही लेखक ने पिंजरे का दरवाज़ा खोलकर पक्षियों को आसमान में उड़ा दिया।

(च) पक्षियों को आज़ाद कर लेखक को बहुत खुशी मिल रही थी।

(छ) लेखक सोच रहे थे, 'काश मैं उन पक्षियों को भी निकाल पाता जो अन्य लोगों के घरों में लटके पिंजरों में बंद थे।'

**2.** (क) छतें (ख) भाभी (ग) छोटा (घ) पतंग (ङ) शिकायत

**3.** (क) भाभी ने (ख) पड़ोस की औरतों ने

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (i) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

**1.** इससे पता चलता है कि लेखक पशु-पक्षियों से प्रेम करते थे तथा उनका दुख समझते थे। पशु-पक्षियों की पीड़ा से वे स्वयं भी दुखी हो जाते थे।

**2.** हमें पशु-पक्षियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। उन्हें परेशान नहीं करना चाहिए। पशु-पक्षियों में भी संवेदनाएँ होती हैं। इसलिए हमें उन्हें प्रेम-स्नेह देना चाहिए, बदले में वे भी हमें यही भाव प्रतिक्रिया स्वरूप लौटाते हैं।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** (क) पतंगें (ख) छतें (ग) औरतें (घ) पिंजरे (ङ) चिड़ियाँ (च) सहेलियाँ

**2.** (क) बचपन (ख) जोड़ा (ग) विनती (घ) रुआँसा (ङ) दरवाज़ा (च) स्वयं

**3.** (क) (iii) (ख) (iii) (ग) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

**1.** पक्षी, में, कैद, थे रेशमा, पिंजरा, दिया पिंजरा, खुलते, पक्षी, निकले
वे, आसमान, में, चले

**2-4** विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 7. बंदर ने बाँटी रोटी

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

1. (क) बिल्लियाँ काली और सफ़ेद रंग की थीं।
   (ख) एक बंदर था।
   (ग) बिल्ली ने मेज़ पर एक रोटी देखी।
   (घ) बिल्लियों का झगड़ा सुलझाने बंदर आया।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) मेज़ से रोटी काली बिल्ली ने उठाई थी।
   (ख) काली बिल्ली ने सफ़ेद बिल्ली को डरपोक बताया।
   (ग) बिल्लियों ने झगड़ने का कारण रोटी बताया।
   (घ) बंदर पलड़ों में रखे टुकड़ों को बराबर करने के बहाने से रोटी का थोड़ा-थोड़ा टुकड़ा खाता रहा। अंत में बिल्लियाँ बचा हुआ टुकड़ा माँगती हैं, परंतु बंदर उसे भी खा जाता है।
   (ङ) बंदर बहुत चालाक था। उसने दोनों बिल्लियों को बेवकूफ़ बनाया। वह रोटी के टुकड़ों को छोटा-बड़ा करके तोड़ता रहा और फिर उन्हें बराबर करने का ढोंग करके खाता रहा। आखिर में वह थोड़ा-सा बचा-खुचा टुकड़ा भी खा जाता है और तराज़ू लेकर भाग जाता है।
2. (क) सफ़ेद बिल्ली ने (ख) काली बिल्ली ने (ग) बंदर ने

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (iii) (ख) (ii) (ग) (i)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

इस पाठ से यह शिक्षा मिलती है कि हमें आपस में लड़ना-झगड़ना नहीं चाहिए। किसी भी समस्या का समाधान आपस में विचार-विमर्श करके निकाल लेना चाहिए अन्यथा कोई तीसरा इसका लाभ उठा ले जाता है।

**VI. भाषा कौशल**

1. म्याऊँ, ढूँढ़, हाँ, कहाँ, आँखें।
2. (क) काली (ख) गोल (ग) डरपोक (घ) चालाक (ङ) भारी
3. (क) गोल (ख) बड़ा (ग) सुंदर (घ) लंबी
4. (क) दादी जी की अटैची बहुत भारी थी।
   (ख) फ़ुटबॉल खेलते समय मोहन की नाक पर चोट लग गई।
   (ग) मीतू बहुत डरपोक है, बात-बात पर डर जाती है।
   (घ) बंदर को रोटी की महक आ रही थी।
   (ङ) किसी का हक़ नहीं छीनना चाहिए।
5. (क) (iii) (ख) (i) (ग) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**बूझो पहेली**

उत्तर– बंदर

# पाठ 8. मैं गांधी बन जाऊँ

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

**(क)** कविता में बालक माँ से खादी की चादर माँग रहा है ताकि वह गांधी बन सके।

(ख) यह कविता गांधी जी की जीवन-शैली के बारे में बता रही है।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) बालक 'रघुपति राघव' इसलिए गाना चाहता है क्योंकि गांधी जी इसे गाते थे।

(ख) बालक घड़ी कमर में लटकाएगा।

(ग) बालक रूई की पूनी से चरखा चलाएगा।

**2.** (क) जूता अपना-आप सिऊँगा।
आज्ञा तेरी मैं मानूँगा,

(ख) निकर नहीं, धोती पहनूँगा,
खादी की चादर ओढ़ूँगा।
घड़ी कमर में लटकाऊँगा,
सैर सवेरे कर आऊँगा।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

**1.** (क) (i) (ख) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

कविता की इन पंक्तियों से मेहनत, आत्मनिर्भरता और आज्ञाकारिता के गुणों का पता चलता है।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** जाऊँ, पहनूँगा, आऊँगा, सिऊँगा, मानूँगा।

**2.** (क) ख् + आ + द् + ई

(ख) ग् + आ + ं + ध् + ई

(ग) र् + ऊ + ई

(घ) प् + र् + अ + ण् + अ

**3.** (क) शत्रु (ख) शाम (ग) पराया (घ) उठना

**4.** (क) मैं बकरी का दूध <u>पिऊँगा</u>।

(ख) चरखा खूब <u>चलाऊँ</u>।

(ग) जूता अपना-आप <u>सिऊँगा</u>।

(घ) सैर सवेरे कर <u>आऊँगा</u>।

**5.** (क) (iii) (ख) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

**1.** रघुपति राघव राजा राम
पतित पावन सीता राम।

**2.** बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत बोलो

**3.** विद्यार्थी स्वयं करें।

**4.** लाल बहादुर शास्त्री, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद

**5.** विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 9. भारत दर्शन

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) दार्जिलिंग शहर पश्चिम बंगाल राज्य में स्थित है।

(ख) 'भारत का पेरिस' जयपुर शहर को कहा जाता है।

(ग) 'पर्वतों की रानी' मसूरी शहर को कहा जाता है।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) टाइगर हिल से हिमालय की सबसे ऊँची चोटियों में से एक 'कंचनजंघा' साफ़-साफ़ दिखलाई पड़ती है। सुबह के समय जब सूरज की किरणें इस चोटी पर जमी बर्फ़ पर पड़ती हैं तब उसकी छटा देखते ही बनती है इसीलिए टाइगर हिल प्रसिद्ध है।

(ख) दार्जिलिंग के पद्मजा नायडू जैविक उद्यान में लाल पांडा और सफ़ेद तेंदुआ मिलते हैं।

(ग) हवा महल जयपुर में स्थित है।

(घ) मसूरी की दो सबसे ऊँची चोटियों के नाम चाइल्डर्स लॉज तथा गन हिल हैं।

(ङ) ऊटी के वनस्पति उद्यान में पेड़-पौधों की छह सौ से अधिक किस्में पाई जाती हैं। इस उद्यान में एक पेड़ के जीवाश्म सँभालकर रखे गए हैं। इसके बारे में कहा जाता है कि यह 2 करोड़ वर्ष पुराना है।

**2.** (क) गलत (ख) सही (ग) गलत (घ) सही (ङ) सही (च) सही

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (i) (ख) (iii) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

हमारा देश भारत अत्यंत खूबसूरत है। यहाँ के प्रत्येक राज्य की भाषा, रहन-सहन, खान-पान इत्यादि में विविधताएँ होते हुए भी एकता का भाव विद्यमान है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अद्भुत प्राकृतिक नज़ारे देखने को मिलते हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से भारत अति प्राचीन देश है। भारत को अंग्रेज़ों की दासता से मुक्त कराने में अनगिनत देशभक्तों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इसलिए हमारा देश भारत हमें प्राणों से भी प्यारा है।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** (क) मीन (ख) मार्ग (ग) निकट (घ) पत्र (ङ) फुलवारी

**2.** (क) गाँव (ख) नीची (ग) नापसंद (घ) दूर

**3.** (क) यह (ख) हम (ग) इसे (घ) उसकी

**4.** (क) मैं माँ के साथ भगवान के दर्शन करने मंदिर गई।

(ख) दिवाली पर सभी लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति खरीदते हैं।

(ग) दिवाकर के मामा जी शहर में रहते हैं।

(घ) दार्जिलिंग और असम में चाय-कॉफ़ी के बहुत बागान हैं। (अध्यापक/अध्यापिका बच्चों से वाक्य बनवाएँ।)

**5.** (क) (ii) (ख) (iii) (ग) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

**1.** विद्यार्थी स्वयं करें।

**2.** इंडिया गेट, हावड़ा ब्रिज, शंकर अंतर्राष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय।

**3.** (क) कोलकाता (ख) जयपुर (ग) देहरादून (घ) चेन्नई (ङ) भोपाल

(च) पटना (छ) चंडीगढ़

**4.** (क) यात्री (ख) दर्शनीय (ग) भारतीय (घ) पर्यटक (ङ) नौकायन

# पाठ 10. हिमालय

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) हिमालय अडिग खड़ा हुआ है।

(ख) भारत ने दुनिया को ज्ञान का पवित्र उजाला दिया है।

(ग) हम भारत की सुंदरता का गान गाएँ।

**III. लिखित कौशल**

**1.** हिमालय, आँधी

**2.** (क) हिमालय नीले अंबर को भारत की महिमा का गान सुना रहा है।

(ख) हिमालय की गोदी में गंगा नदी लहराती है।

(ग) हमें अपने देश पर अभिमान करना चाहिए।

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (i)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

कविता की अंतिम पंक्तियों में संदेश छिपा है कि हमें भारत की सुंदरता का बखान करना चाहिए। हमें अपने देश पर उच्च हिमालय-सा गर्व रखना चाहिए क्योंकि भारतवर्ष संपूर्ण विश्व में अपनी अलग पहचान रखता है।

**VI. भाषा कौशल**

**1.** अंबर, गंगा, सुंदर, सुंदरता।

**2.** (क) स्त्रीलिंग (ख) पुल्लिंग (ग) पुल्लिंग (घ) स्त्रीलिंग

(ङ) पुल्लिंग (च) पुल्लिंग

**3.** (क) ऋचा के पास बहुत <u>सुंदर</u> कलम है।

(ख) <u>हिमालय</u> भारत का रक्षक है।

(ग) <u>भारत</u> देश में सभ्यता और संस्कृति का खज़ाना भरा पड़ा है।

(घ) हमें अपने देश पर <u>अभिमान</u> होना चाहिए।

**4.** (क) (ii) (ख) (i) (ग) (iii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

**1.** (क) एवरेस्ट, K2 (ख) गंगा, यमुना (ग) उत्तराखंड, सिक्किम

(घ) तेनजिंग नोर्गे तथा एडमंड हिलेरी (ङ) सूरज ताल लेक, चंद्रताल लेक

**2,3,4** विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 11. पिता जी का कमरा

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) स्वामीनाथन के मित्र का नाम राजम था।

(ख) स्वामीनाथन ने अपने पिता जी से कहा कि पिता जी, मुझे आपका कमरा चाहिए।

(ग) राजम ने स्वामीनाथन की दादी से मिलने की इच्छा व्यक्त की थी।

**III. लिखित कौशल**

**1.** (क) स्वामीनाथन का मित्र शनिवार की शाम को आने वाला था।

(ख) स्वामीनाथन ने अपनी माँ से कहा, "माँ, आज शाम को नाश्ते में क्या बना रही हैं?"

(ग) स्वामीनाथन के पिता जी ने कमरा देने के साथ-साथ उसे हिदायत दी कि चीज़ें उलट-पलट नहीं होनी चाहिए।

(घ) कानून की पुस्तकों को देखकर राजम ने पूछा कि क्या तुम ऐसी पुस्तकें पढ़ते हो? तुम्हारे स्कूल की पुस्तकें कहाँ हैं?

(ङ) दादी ने राजम को बुलाते हुए कहा, "पास आओ राजम! मैं तुम्हारी शक्ल ठीक से देख नहीं पा रही हूँ। तुम जानते हो, मैं बूढ़ी हो गई हूँ और मुझे ठीक से कुछ दिखाई नहीं देता।"

(च) राजम ने दादी के बारे में स्वामीनाथन से कहा कि तुम्हारी दादी बहुत अच्छी हैं।

**2.** (क) स्वामीनाथन की माँ ने (ख) स्वामीनाथन के पिता जी ने (ग) राजम ने

(घ) स्वामीनाथन की दादी ने

**3.** (क) (✗) (ख) (✓) (ग) (✗)

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (i) (ख) (iii) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

(क) (✗) (ग) (✗) (ङ) (✗)

**VI. भाषा कौशल**

**1.** (क) संज्ञा (ख) क्रिया (ग) सर्वनाम (घ) विशेषण (ङ) सर्वनाम (च) संज्ञा (छ) क्रिया

**2.** (क) पुल्लिंग (ख) स्त्रीलिंग (ग) पुल्लिंग (घ) पुल्लिंग (ङ) पुल्लिंग (च) स्त्रीलिंग

**3.** (क) एकवचन (ख) बहुवचन (ग) बहुवचन (घ) एकवचन (ङ) एकवचन (च) बहुवचन

**4.** (क) (iii) (ख) (i) (ग) (ii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें। (अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को अपनी बात कहने के लिए प्रेरित करें।)

# पाठ 12. संगठन

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

1. (क) मैना के घोंसले को घमंड हो गया था।
   (ख) शक्ति बिखेरने में नहीं इकट्ठा करने में होती है।
   (ग) हाँ, घोंसले को अपनी भूल समझ में आ गई।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) घोंसले को घमंड होने लगा था कि वह मैना और उसके अंडों को अपने अंदर रहने की जगह देता है। गर्मी-सर्दी बारिश में उनकी रक्षा करता है।
   (ख) घोंसले ने कहा कि मैना रानी तुम और तुम्हारे बच्चे मेरी ही दया पर यहाँ मज़े से रहते हो। अगर मैं तिनके बिखेर दूँ तो तुम सब बेघर हो जाओगे। दर-दर की ठोंकरे खाते फिरोगे और कहीं सिर छिपाने के लिए जगह भी नहीं मिलेगी।
   (ग) मैना ने घोंसले को समझाया कि जिन तिनकों से तुम बने हो, ये पहले ज़मीन पर इधर-उधर ही बिखरे पड़े हुए थे। मैंने ही एक-एक तिनका चुनकर घोंसले का रूप दिया। अगर मैं तुम्हें न बनाती तो तुम्हारा यह रूप नहीं होता। इसलिए घमंड करना व्यर्थ है, क्योंकि शक्ति बिखेरने में नहीं इकट्ठा करने में होती है।
2. (क) 5 (ख) 1 (ग) 3 (घ) 2 (ङ) 4

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (iii) (ख) (ii) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

(घ) सभी सही हैं

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) स्वयं, स्वच्छ (ख) अस्तित्व, तत्व (ग) इकट्ठा, मट्ठा (घ) शक्ति, व्यक्त
2. (क) अशांति (ख) आसमान (ग) सुबह (घ) राजा
3. (क) द् + अ + य् + आ
   (ख) घ् + अ + म् + अं + ड् + अ
   (ग) म् + औ + स् + अ + म् + अ
   (घ) स् + अं + ग् + अ + ठ् + अ + न् + अ
   (ङ) श् + अ + क् + त् + इ
4. (क) उनकी (ख) तुम (ग) स्वयं (घ) मैं, तुम्हें, तुम्हारा (ङ) उसने
5. (क) (ii) (ख) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 13. 90 साल का चूहा

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

1. (क) यात्री का नाम वॉल्ट डिज़नी था।
   (ख) ट्रेन क्वींस रेलवे स्टेशन पर रुकी थी।
   (ग) डिज़नीलैंड कैलिफोर्निया (अमेरिका) में स्थित है।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) यात्री ने ट्रेन से बाहर प्लेटफ़ार्म पर दो चूहों को रोटी के टुकड़े के लिए एक-दूसरे के पीछे भागते हुए देखा।
   (ख) डिज़नी के दो लोकप्रिय कार्टून चूहों का नाम मिकी माउस और विली था।
   (ग) 'स्टीमबोट विली' की विशेषता थी कि इसमें चूहों को आपस में बोलते-गाते, धूम-धड़ाके करते दिखाया गया था।
   (घ) वॉल्ट डिज़नी का जन्म 5 दिसंबर, 1901 में शिकागो इलिनॉइस, अमेरिका में हुआ था।
   (ङ) डिज़नीलैंड में कॉमिक्स तथा कार्टून कहानियों के सभी परिचित एवं प्रसिद्ध पात्रों को साकार किया गया है।
2. (क) (✗) (ख) (✓) (ग) (✓) (घ) (✗) (ङ) (✓)

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (iii) (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

अपने सपनों को पूरा करने के लिए मनुष्य को कठोर परिश्रम करना चाहिए।

**VI. भाषा कौशल**

1. रेलवे स्टेशन, प्लेटफ़ॉर्म, कार्टून, एनीमेशन, प्लेन क्रेज़ी
2. प्लेटफ़ार्म, क्रेज़ी, सिंड्रेला
3. (क) चूहे (ख) सपने (ग) ऊँचाइयाँ (घ) विशेषताएँ
4. (क) लिलियन (ख) मिकी माउस (ग) वॉल्ट, शिकागो
   (घ) डिज़नीलैंड, केलिफोर्निया
5. (क) (ii) (ख) (iii) (ग) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

1. डोरेमॉन, छोटा भीम, शिनचेन
2. विद्यार्थी स्वयं करें।
3. (क) विलियम हैना और जोसेफ बारबेरा (ख) राजीव चिल्का
   (ग) फुजिको एफ॰ फुजियो

# पाठ 14. लिंकन की दाढ़ी

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) लोगों ने अब्राहम लिंकन की तस्वीरें अपने घरों में लगा रखी थीं।

(ख) ग्रेस बीडल ने अब्राहम लिंकन को पत्र लिखा था।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) ग्रेस बीडल न्यूयार्क के वेस्टफ़ील्ड नामक शहर में रहती थी।

   (ख) ग्रेस बीडल ने लिंकन की तस्वीर देखकर अपनी माँ से कहा, "माँ, लिंकन यदि अपनी दाढ़ी बढ़ा लें तो वे और भी प्रभावशाली लगेंगे।"

   (ग) ग्रेस बीडल ने लिंकन को दाढ़ी रखने का सुझाव दिया। हाँ, लिंकन ने ग्रेस बीडल का सुझाव मान लिया था।

   (घ) लिंकन वाशिंगटन जाते समय वेस्टफ़ील्ड में भाषण देने के बाद ग्रेस बीडल से मिले।

2. (क) शरीर (ख) तस्वीर (ग) ग्यारह (घ) वाशिंगटन (ङ) भाषण

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (ii) (ख) (i) (ग) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

1. अब्राहम लिंकन नम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी प्रसिद्धि का कारण यही था कि वे जनता से जुड़े नेता थे। ग्रेस बीडल नामक छोटी-सी बच्ची की सलाह मानकर उन्होंने महानता का परिचय दिया। इतनी भीड़ में भी वे ग्रेस बीडल से मिलना नहीं भूले।
2. ग्रेस बीडल साहसी तथा होशियार लड़की थी। वह अपने इरादों की पक्की थी। उसने लिंकन को पत्र लिखकर सुझाव देने का दृढ़-निश्चय किया और उसे पूरा कर दिखाया।

**VI. भाषा कौशल**

1. (क) वे (ख) उन्हें (ग) वह (घ) मैं (ङ) आपको (च) उससे

   (छ) मेरी (ज) मैंने, इसे

2. (क) अशांत (ख) मोटा (ग) अपमान (घ) अच्छा (ङ) विकर्षण

   (च) निराशा (छ) घृणा (ज) सवाल

3. (क) अब्राहम लिंकन (ख) अमरीका (ग) ग्रेस बीडल (घ) वेस्टफ़ील्ड

4. (क) (i) (ख) (iii) (ग) (iii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

1. डॉ॰ राजेंद्र प्रसाद, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, रामनाथ कोविंद

2-3. विद्यार्थी स्वयं करें।

4. पत्र, हिम्मत, मौसी, बाल, चुटिया, कंघी, तेल, मज़बूत, झड़ना

**बूझो पहेली**

उत्तर– लेटर बॉक्स

# पाठ 15. मानव कंप्यूटर–शकुंतला देवी

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) तीन वर्ष की उम्र से ही शकुंतला देवी का लगाव गणित से हो गया था।

(ख) लोगों ने शकुंतला देवी को 'मानव कंप्यूटर' कहना शुरू कर दिया था।

(ग) गणित का प्रारंभिक ज्ञान कठिन सवालों से छुटकारा दिला सकता है।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) बचपन में अंकों को सही-सही जोड़ने और घटाने में शकुंतला देवी को खुशी मिलती थी।

(ख) शकुंतला देवी द्वारा गणित के जटिल प्रश्नों को कैलकुलेटर और कंप्यूटर से तेज़ हल कर देने की कला को देखकर देश-विदेश में लोग अचंभित रह जाते थे।

(ग) अगर हम गणित को बातों-बातों में सीखें तो इसके प्रश्न आसानी से हल हो जाएँगे।

(घ) गणित का प्रारंभिक ज्ञान कठिन सवालों से छुटकारा दिला सकता है इसलिए इसका ठोस होना ज़रूरी है।

(ङ) अभ्यास के द्वारा गणित की गुत्थियाँ सरल बन जाती हैं।

2. (क) सही (ख) गलत (ग) सही (घ) गलत (ङ) सही

3. (क) खिलौने (ख) चुटकी (ग) नीरस (घ) गुत्थियाँ

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (i) (ख) (iii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

1. शकुंतला देवी के जीवन से हम प्रेरणा ले सकते हैं कि हमें अपना काम रुचिकर बनाना चाहिए ताकि वह हमें बोझिल न लगे और उसमें आसानी से कामयाबी मिल सके।

2. इस पंक्ति से हम यह सीख सकते हैं कि न केवल गणित बल्कि किसी भी विषय के संबंध में हमारा प्रारंभिक ज्ञान ठोस या मज़बूत होना ज़रूरी है जिससे आगे चलकर कठिन विषयों की बारीकियों को हम आसानी से सुलझा सकें।

**VI. भाषा कौशल**

1. (ख) आसानी (ग) प्रारंभिक (घ) विकसित

2. (क) युक्तियाँ (ख) खिलौने (ग) कारनामे (घ) गुत्थियाँ (ङ)कठिनाइयाँ (च) बच्चे (छ) खुशियाँ (ज़) बातें

3. (क) विदेश (ख) जवाब (ग) अशांति (घ) सरल

4. (क) (ii) (ख) (iii) (ग) (i)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

1. (क) 20 बार (ख) 11 बार (ग) 10 (घ) 99

2-4. विद्यार्थी स्वयं करें।

# पाठ 16. कहानी टेलीफ़ोन की

**I. श्रुतलेख**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**II. मौखिक कौशल**

(क) घरवालों ने टेलीफ़ोन करके मेहमानों को निमंत्रण दिया।

(ख) टेलीफ़ोन की खोज एलैग्जंडर ग्राहम बेल ने की थी।

(ग) बेल एक अध्यापक थे।

(घ) वाटसन बेल के मित्र थे। वे बिजली के कारखाने में काम करते थे।

**III. लिखित कौशल**

1. (क) टेलीफ़ोन की खोज डेढ़-दो सौ साल पहले अमेरिका में हुई थी।

(ख) बेल के मन में विचार आया कि आवाज़ से हवा में थरथराहट पैदा होती है। यह थरथराहट एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाई जा सकती है। यह विचार टेलीफ़ोन की खोज का कारण बना।

(ग) ग्राहम बेल ने अपने मित्र वाटसन को बताया कि बिजली के तार के सहारे बहुत दूर बैठे आदमी एक-दूसरे की आवाज़ सुन सकते हैं। फिर दोनों ने मिलकर एक लंबा तार लिया। दोनों किनारों पर झिल्ली लगाई और बेल ने झिल्ली के सामने सीटी बजाई। इसके बाद वाटसन ने बताया कि सीटी की आवाज़ साफ़-साफ़ सुनाई दे रही थी। इसी प्रकार वे रात-दिन टेलीफ़ोन बनाने में लगे रहे। बेल ने झिल्लीवाले तार को गंधक के अम्ल में डुबोकर एक झिल्ली अपने मुँह के सामने रखी। दूसरी दूर कमरे में खड़े वाटसन ने अपने कान पर लगाई। बेल ने आवाज़ दी जिसे वाटसन ने साफ़-साफ़ सुना। उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। इस प्रकार टेलीफ़ोन की खोज हुई।

(घ) बेल ने मन-ही-मन कहा कि मैं ऐसा यंत्र बनाऊँगा जिससे दूर-दूर रहने वाले लोग बातचीत कर सकेंगे।

(ङ) बेल ने एक कंपनी बनाई और वे टेलीफ़ोन के बारे में भाषण देकर लोगों को इसकी जानकारी देते। धीरे-धीरे लोगों को टेलीफ़ोन की उपयोगिता समझ में आई।

2. (क) गलत (ख) सही (ग) गलत (घ) गलत (ङ) सही

**IV. बहुविकल्पी प्रश्न**

(क) (i) (ख) (ii) (ग) (ii)

**V. मूल्यपरक प्रश्न**

(ख), विद्यार्थी स्वयं करें।

**VI. भाषा कौशल**

1. टेलीफ़ोन, डॉक्टर, वाटसन, ग्राहम
2. यंत्र गंधक मुँह हाँफना कंपनी बनाऊँगा
3. (क) झिल्लियाँ (ख) बिजलियाँ (ग) खोजें (घ) चीज़ें
4. (क) अद्भुत (ख) एक, लंबा (ग) यह (घ) एक, पतली (ङ) हलका
5. (क) (ii) (ख) आवाज़ (ग) (iii)

**VII. विषय संवर्धन गतिविधियाँ**

1,2,4 विद्यार्थी स्वयं करें।

3. मोबाइल, स्मार्टवॉच, लैपटॉप, टैबलैट्स, फ़ोन, आईपैड

5. थॉमस अल्वा एडीसन, कार्ल वॉन लिंडे, जॉर्ज डेवोल, जोसेफ एंगेलबर्गर और रेने लैनेक

# नमूना प्रश्न-पत्र
# (पाठ 1 से 16 तक)

**समयावधि :** ..........................  **पूर्णांक : 50**

1. (क) भारत के गौरव का इतिहास।
   (ख) गंगा नदी।
   (ग) हरियाली के झरनों में।
   (घ) (i) संसार (ii) जगत
   (ङ) (i) हरा (ii) ज्ञानी

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) सिंहराज ने समझाया कि अपने रहन-सहन, खान-पान के सही तरीकों को अपनाकर तथा अपने वातावरण को साफ़-सुथरा रखकर ही हम पूरी तरह स्वच्छ कहलाएँगे।

(ख) जहाँ हरी-भरी धरती होती है वहीं उपकारी बादल आते हैं।

(ग) मैना ने घोंसले को समझाया कि जिन तिनकों से तुम बने हो, ये पहले ज़मीन पर इधर-उधर ही बिखरे पड़े हुए थे। मैंने ही एक-एक तिनका चुनकर घोंसले का रूप दिया। अगर मैं तुम्हें न बनाती तो तुम्हारा यह रूप नहीं होता। इसलिए घमंड करना व्यर्थ है, क्योंकि शक्ति बिखेरने में नहीं इकट्ठा करने में होती है।

(घ) शकुंतला देवी द्वारा गणित के जटिल प्रश्नों को कैलकुलेटर और कंप्यूटर से तेज़ हल कर देने की कला को देखकर देश-विदेश में लोग अचंभित रह जाते थे।

(ङ) ग्रेस बीडल ने लिंकन को दाढ़ी रखने का सुझाव दिया था और लिंकन ने इसे माना था।

**3. निर्देशानुसार करिए।**

(क) (i) बुद्धि (ii) बिस्तर
(ख) (iii)
(ग) (i) भारी (ii) चालाक
(घ) (i) बंदरिया (ii) हथिनी
(ङ) (i) छिलके (ii) गुत्थियाँ
(च) (i) (छ) (iii) (ज) (iii) (झ) घाटियाँ (ञ) (ii)

**4. शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।**

नियम – विधान, निर्देश – हमें समय के <u>नियम</u> का पालन करना चाहिए।
दुबला – पतला/कमज़ोर – <u>दुबला</u> व्यक्ति अधिक चुस्त होता है।
मुक्त – आज़ाद – हम अंग्रेज़ों की गुलामी से <u>मुक्त</u> हो गए थे।
निर्णय – फ़ैसला – जज ने मुकदमे का सही <u>निर्णय</u> किया।
अभिमान – रावण को अपनी शक्ति पर <u>अभिमान</u> था।

5. (क) जल ही जीवन है।
   (ख) इसके बिना मनुष्य का जीना संभव नहीं।
   (ग) यह हमारी अनेक आवश्यकताओं को पूरा करता है।
   (घ) जल से ही खेतों में सिंचाई की जाती है।
   (ङ) इससे बिजली भी बनाई जाती है।
6. विद्यार्थी स्वयं करें।
7. विद्यार्थी स्वयं करें।

# जाँच पत्र-1

## (पाठ 1-8 पर आधारित)

**कुल अंक 25**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) ठीक समय पर पढ़ना, खेलना और सारे काम करने चाहिए।

(ख) बंदरप्रसाद को प्रथम पुरस्कार इसलिए मिला क्योंकि उसने केले को बिना पूरा छिलका उतारे खाया और फिर छिलके को कूड़ेदान में डाला।

(ग) पेड़-पौधे हमें साँस लेने के लिए शुद्ध वायु, लकड़ी, फल, सब्ज़ी, औषधि आदि देते हैं।

(घ) धीरा की परेशानी का कारण था कि खूँटे ने अपनी दरार चौड़ी करके उसका दाल का दाना हड़प लिया था।

(ङ) हमें पशु-पक्षियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। उन्हें परेशान नहीं करना चाहिए। पशु-पक्षियों में भी संवेदनाएँ होती हैं। इसलिए हमें उन्हें प्रेम-स्नेह देना चाहिए, बदले में वे भी हमें यही भाव प्रतिक्रिया स्वरूप लौटाते हैं।

**2. निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी कीजिए।**

(क) नहीं व्यर्थ बहाओ पानी।

(ख) वहीं आते बादल उपकारी।

(ग) फिर रघुपति राघव गाऊँ।

(घ) चरखा खूब चलाऊँ।

**3. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।**

(क) सोखने (ख) पतंग (ग) रोटी (घ) जूता

**4. इन वाक्यों में से निर्देशानुसार शब्दों को चुनकर लिखिए।**

(क) पिऊँगा (ख) चिड़ियाँ (ग) तुम (घ) पड़

**5. उचित विकल्प चुनिए।**

(क) (i) (ख) (ii) (ग) (i) (घ) (i)

**6. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए।**

(क) बालक खादी के वस्त्र पहनकर गांधी बनना चाहता है।

(ख) गौरैया बहुत खुशदिल और मेहनती थी।

(ग) छत पर बच्चे पतंग उड़ा रहे थे।

(घ) हमें पेड़-पौधों को कटने से बचाना चाहिए।

# जाँच पत्र-2

## (पाठ 9-16 पर आधारित)

**कुल अंक 25**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) ऊटी के वनस्पति उद्यान में पेड़-पौधों की छह सौ से अधिक किस्में पाई जाती हैं। इस उद्यान में एक पेड़ के जीवाश्म सँभालकर रखे गए हैं। इसके बारे में कहा जाता है कि यह 2 करोड़ वर्ष पुराना है।

(ख) स्वामीनाथन के पिता जी ने कमरा देने के साथ-साथ उसे हिदायत दी कि चीज़ें उलट-पलट नहीं होनी चाहिए।

(ग) घोंसले को घमंड होने लगा था कि वह मैना और उसके अंडों को अपने अंदर रहने की जगह देता है। गर्मी-सर्दी बारिश में उनकी रक्षा करता है।

(घ) गणित का प्रारंभिक ज्ञान कठिन सवालों से छुटकारा दिला सकता है इसलिए इसका ठोस होना ज़रूरी है।

(ङ) टेलीफ़ोन की खोज डेढ़-दो सौ साल पहले अमेरिका में हुई थी।

**2. निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ लिखिए।**

(क) भारत के उत्तर में हिमालय पर्वत लाखों-करोड़ों वर्ष से अडिग यानी बिना हिले-डुले स्थिर खड़ा हुआ हैं चाहे कितनी भी आँधी-तूफ़ान क्यों न आएँ वह अपने पथ से कभी नहीं डगमगाता है और वर्षों से भारत की गरिमा का गान नीले आसमान को सुना रहा है।

(ख) हिमालय से गंगा की सुंदर धारा निकलकर आगे बहती जाती है। पर्वतों के बीच बहते झरने देश की सुंदरता बढ़ाते हैं। ये झरने और आस-पास की हरियाली लोगों को प्यार का संदेश देती है। गंगा नदी हम सबकी प्यास बुझाती है।

**3. पाठ के आधार पर लिखिए कि ये वाक्य सही हैं या गलत।**

(क) गलत (ख) सही (ग) सही (घ) सही

**4. इन वाक्यों में से निर्देशानुसार शब्दों को चुनकर लिखिए।**

(क) खुशी (ख) एक लंबा (ग) हमें (घ) देखा

**5. उचित विकल्प चुनिए।**

(क) (i) (ख) (ii) (ग) (iii) (घ) (i)

**6. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए।**

(क) हमें नदी को दूषित नहीं करना चाहिए।

(ख) अब्राहम लिंकन एक लोकप्रिय नेता थे।

(ग) गुरु जी ने शिष्य को गणित पढ़ाया।

(घ) असम में चाय के बागान हैं।